बिहार सरकार
गन्ना उद्योग विभाग

संचिका संख्या–01/स्था०क्षे०–352/2026 1945 पटना, दिनांक 07 अक्टूबर, 2026

कार्यालय आदेश

गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय आदेश संख्या–1380 दिनांक–02.09.2025 के द्वारा श्री अवधेश कुमार संविदा ईख प्रसार पदाधिकारी को संविदा के आधार पर एक वर्ष अथवा उक्त पद पर नियमित नियुक्ति/प्रोन्नति होने तक के लिए नियोजित करते हुए सहायक निदेशक, ईख विकास, समस्तीपुर के कार्यालय में पदस्थापित किया गया है, जो निम्नवत् है :–

क्र०	नाम/पदनाम	कार्यालय का नाम	जन्म तिथि/ सेवा निवृति की तिथि	संविदा नियोजन/ योगदान की तिथि	नियोजन समाप्ति की तिथि
1	2	3	4	5	6
1	श्री अवधेश कुमार संविदा ईख प्रसार पदाधिकारी	सहायक निदेशक, ईख विकास, समस्तीपुर	05.09.1964/ 30.09.2024	08.09.2025	07.09.2026

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 की कंडिका–3(2)(ख)(v) में निहित प्रावधान के तहत् सेवा अवधि विस्तार के संबंध में सहायक निदेशक, ईख विकास, समस्तीपुर से प्राप्त अनुशंसा पर विचारोपरांत उक्त पद पर 01 (एक) वर्ष या नियमित नियुक्ति/प्रोन्नति होने तक या 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो के लिए विस्तारित की जाती है।

2. इनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा समय–समय पर की जायेगी और कार्य संतोषजनक नहीं होने पर इनकी संविदा रद्द की जा सकेगी।

3. संकल्प की कंडिका–3(6)(i) के अनुरूप इन्हें मासिक मानदेय देय होगा। कंडिका–3(6)(iv) के तहत् सेवानिवृत और संविदा नियोजन के बीच वेतन/पेंशन पुनरीक्षण हो जाने की स्थिति में भी निर्धारित मानदेय अपरिवर्तित होगा। मासिक मानदेय की यह राशि संबंधित कर्मी को संविदा अवधि में कार्यरत् रहने की स्थिति तक स्थिर रहेगी।

4. सरकारी कार्यवश यात्रा किये जाने की स्थिति में कंडिका–3(6)(ii) के अन्तर्गत यात्रा भत्ता अनुमान्य होगा।

5. इन्हें सभी पदीय शक्तियाँ प्राप्त होगी तथा इन्हें आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त क्षतिपूर्ति अवकाश भी अनुमान्य होगा।

6. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(नवनीत कुमार दूबे)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञाप संख्या–01/स्था०क्षे०–352/2026 1945 पटना, दिनांक 07 अक्टूबर, 2026

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव/ईखायुक्त, बिहार के प्रधान आप्त सचिव/ सहायक निदेशक, ईख विकास, समस्तीपुर/श्री अवधेश कुमार, संविदा ईख प्रसार पदाधिकारी, कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास, समस्तीपुर/आई०टी० प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

नवनीत 06.10.2026
सरकार के अवर सचिव।

Rajesh Ji Letter